

NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र

इस अंक में

# ब्लॉक स्तर पर होगी ''एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर'' की शुरूआत!!!

**'जहाँ सुविधाएँ अच्छी होती है, वहाँ कारोबार भी अच्छा होता है'** यह कहना है, एनआईसीटी मुख्य कार्यपालन अधिकारी **श्री मुकेश हज़ेला** जी का उन्होंने एनआईसीटी मुख्य कार्यालय, इंदौर में आयोजित कार्यशाला में एन.ई.सी. प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए हरी झन्ठी दिखायी व उपस्थित एनईसी संचालकों व टीम को बताया, कि एन.ई.सी. प्रोजेक्ट देश के दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो के लोगों को आने वाले समय में एक ही केन्द्र के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने का माध्यम बनेगा और जिसके लिए एनआईसीटी टीम का पूरा सहयोग दिया जायेगा।

दोस्तो, एनआईसीटी टीम एक बार फिर नये प्रोजेक्ट को लेकर तैयार है, जिसकी शुरूआत की जा चुकि है और पिछले एक सप्ताह में देशभर से आये १०० से भी ज्यादा संचालकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जो अपने-अपने स्थानो में 'एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर' का संचालन करेंगे। यह केन्द्र ब्लॉक स्तर में खोले जायेंगे जो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों के लिए कार्य करेंगे। इन केन्द्रों में समय-समय पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जायेगें जो सरकार की योजनाओं को लोगों के बीच पहुँचा सके।

देशभर में ३००० एन.ई.सी. खोले जाने का लक्ष्य रखा गया है।



बड़वानी, मध्यप्रदेश में बैंक मित्रों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला।



पलामू, बिहार में 'एन.ई.सी.' कार्यशाला।



गोधरा, पंचमहल में बीसीओं हेतु कार्यशाला।

संपादक - संजय सोनी

नेटवर्क फॉर इंफॉर्मेशन एण्ड कम्प्यूटर टेक्नालॉजी

(एनआईसीटी)

NICT GROUP
nec help • earn • grow
NICT An ISO 9001:2008 NGO
UDAAN
NICT Service Shoppee
SAKSHAM
cine india

# एनआईसीटी इंदौर कार्यालय में एन.ई.सी. प्रोजेक्ट हेतु कार्यशाला।



एनआईसीटी– ०६ जनवरी २०१६ को इंदौर स्थित एनआईसीटी मुख्य शाखा में समस्त एन.ई.सी. संचालकों हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य उद्वोधन में **श्री मुकेश हज़ेला (मुख्य कार्यपालन अधिकारी– एनआईसीटी)** ने बताया कि किस तरह से एनईसी देश के दूर–दराज आँचलिक क्षेत्र में क्षेत्रीय लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ देने जा रहा है, उन्होंने कहा कि ''आज वर्तमान परिवेश में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं व बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना बहुत जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके व आर्थिक विकास में मजबूती लाई जा सके और इसी की ओर आगे बढ़ते हुए टीम की कड़ी मेहनत ने 'एनईसी प्रोजेक्ट' को शुरू किया है। एनआईसीटी टीम आने वाले समय में देश के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर 'एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर' की शुरूआत करने जा रही है, जिससे 'डिजिटल इंडिया' मिशन को भी मजबूती मिलेगी''

कार्यशाला का संचालन **श्री अनिल उपाध्याय (नेशनल हेड– सर्विस शॉपी)** द्वारा किया गया। उन्होंने समस्त एनईसी संचालकों को सर्विस से संबंधित जानकारी दी व केन्द्र में दी जाने वाली सेवाओं से जुड़े हुए महत्वपूर्ण वरिष्ट लोगों से परिचय कराया, जिन्होंने विस्तार पूर्वक हर एक पहलू व तकनीकि जानकारी को सांझा किया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एनईसी (एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर) में दी जाने वाली सेवाओं जिसमें, कियोस्क बैंकिंग, स्किल डवलेपमेन्ट, वोडाफोन एम. पैसा, आईआरसीटीसी, पेन कार्ड, इन्श्योरेन्स, सरकारी परीक्षा, एड स्पेस, डी.आर.ए. (डेफ्थ रिकवरी एजेन्ट) रेड बस टिकिट बुकिंग व आई.एस.ओ. सर्टिफिकिट से संबंधित जानकारी व प्रशिक्षण देना रहा। कार्यशाला में मुख्य रूप से **श्री मकरंद भागवत (जीएम– ई गर्वनेस सर्विसेस–एनआईसीटी)** व **वाज़िद खान (एच.आर.एडमिन.– एनआईसीटी) श्री सुरेश वैस, श्री संजय वर्मा, श्री शेखर वर्मा, श्री राहुल सिसोदिया, श्री दीपेश दुबे आदि एनआईसीटी टीम** के सदस्य उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश

## 'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' द्वारा बैंक मित्रों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।







एनआईसीटी- २१ दिसम्बर २०१५ को **'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक'** झाबुआ ने बड़वानी जिला में समस्त बैंक मित्रों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसे सिडवी के सहयोग से सम्पन्न किया गया।

इस कार्यशाला में **एनआईसीटी से आये श्री आलोक खरे** ने पीपीटी की सहायता से समस्त बैंक मित्रों को आवश्यक जानकारी दी। साथ ही मुख्य रूप से **श्री वी. मिश्रा** क्षेत्रीय प्रबंधक (NJGB) **श्री सचिन जी** प्रभारी वित्तीय समावेशन(NJGB) व समस्त क्षेत्रीय शाखा प्रबंधकों ने अपनी उपस्थिति दी।

समापन के दौरान समस्त बैंक मित्रों को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह दिए गए।

# बिहार



## एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।

एनआईसीटी - बिहार, पटना कार्यालय में एनईसी हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। बिहार में अभी तक जितने भी चयनित एनईसी थे उन्हें सफलता पूर्वक पशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण संचालन **श्री रंजीत कुमार** (एसपीएम- बिहार) व एनआईसीटी टीम द्वारा किय गया।

# मध्यप्रदेश

## ‘नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक’ द्वारा बैंक मित्रों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।





एनआईसीटी– २२ दिसम्बर २०१५ को **‘नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक’** द्वारा झाबुआ जिला में समस्त बैंक मित्रों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसे सिडवी के सहयोग से सम्पन्न किया गया।

इस कार्यशाला में एनआईसीटी से आये श्री आलोक खरे ने पीपीटी की सहायता से समस्त बैंक मित्रों को आवश्यक जानकारी दी। साथ ही मुख्य रूप से **श्री वी. मिश्रा** क्षेत्रीय प्रबंधक (NJGB) श्री सचिन जी प्रभारी वित्तीय समावेशन(NJGB) व समस्त क्षेत्रीय शाखा प्रबंधकों ने अपनी उपस्थिति दी।

समापन के दौरान समस्त बैंक मित्रों को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह दिए गए।

# बिहार





## पलामू जिला, बिहार में एसडीपी व ‘एनईसी’ प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।

एनआईसीटी – ०६ जनवरी २०१६ को **पलामू जिला, झारखण्ड** में समस्त एसडीपीओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसको एसबीआई से आये श्री संतोष कुमार जी (आरबीएफआई) व श्री अनिल जी (आर. सेटी प्रशिक्षण शाखा–एसबीआई) द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

साथ ही एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर के लिए चयनित लोगों को **श्री रंजीत कुमार (एसपीएम– बिहार)** ने प्रशिक्षित किया, इस अवसर पर एनआईसीटी टीम का पूरा सहयोग रहा।

# महाराष्ट्र

## एनआईसीटी मुम्बई कार्यालय में 'एनईसी' प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।





एनआईसीटी- २४ दिसम्बर २०१५ को एनआईसीटी के **मुम्बई ऑफिस** में **'एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर'** के लिए चयनित संचालिकों को प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सभी को सेन्टर में दी जाने वाली सेवाओं के बारें में विस्तार से समझाइस दी गई व क्षेत्रीय स्तर पर लोगों के साथ किस तरह से समन्वय स्थापित करना, आदि चर्चा की गई।

# उत्तरप्रदेश

## इलाहाबाद, उत्तरप्रदेश की 'एसबीआई' शाखा में बी.सी. कार्यशाला का आयोजन।







एनआईसीटी - ०७ जनवरी २०१६ को 'एसबीआई' इलाहाबाद कार्यालय में समस्त बीसीओं हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें इलाहाबाद एनआईसीटी टीम उपस्थित रही।

कार्यशाला में मुख्य रूप से **श्री एच.एन.लाल** (आरबीओ-३) एवं सीएमएफआई **ए.आर. रहमान** व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गुजरात

**गोधरा, पंचमहल में BGGB द्वारा बीसीओं हेतु कार्यशाला का आयोजन।**







एनआईसीटी- ०५ जनवरी २०१६ को **गोधरा, पंचमहल** में 'बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक' द्वारा समस्त बीसीओं हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एनआईसीटी से **श्री कृणाल साह (एसपीएम-गुजरात), श्री हितेश पटेल** व टीम ने अपनी उपस्थिति दी।

कार्यशाला में मुख्य रूप से श्री बी.आर. पटेल (**Chairman of BGGB**) श्री आर.बी. उपाध्याय (**RM of BGGB**) व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उड़ीसा

**संबलपुर, उड़ीसा में सीएसपीओं हेतु बी.ओ.बी. द्वारा कार्यशाला का आयोजन।**







एनआईसीटी- ०५ जनवरी २०१६ को 'बैंक ऑफ बड़ौदा' द्वारा **संबलपुर, उड़ीसा** में समस्त बीओबी सीएसपीओं हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एनआईसीटी की ओर से **श्री नबाकिशोर महत्तम (बीडीएम)** व टीम उपस्थित रही।

२६ जनवरी के ख़ास अवसर पर 'संपर्क' ला रहा है, एक महत्वपूर्ण अंक –

# सारे जहां से

# अच्छा

# हिन्दोस्तां

# हमारा

## आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

आप सभी को **"संपर्क"** के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई-मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा सीधा विश्वास है, कि हम उन लोगों तक पहुँच सकते है, जो 'संपर्क' के माध्यम से एनआईसीटी के प्रयासों को भलिभांति समझ पा रहे है व अपने सुझावों के द्वारा हमारे प्रयासों को और प्रभावी बनाने में समर्थ है।

**किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति "सिने इंडिया" प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।**

न्यूज़लेटर "संपर्क" के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई-मेल कर सकते है।
communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट –
आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB- 108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in
www.nictgroup.in